न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सांभर लेक

पिठासीन अधिकारी : श्री प्रभुदयाल शर्मा आर0ए0एस0
वाद सं0 435/16
निर्णय दिनांकः 14.03.2018

1. रामेश्वर पुत्र स्व0 भंवरलाल
2. परमाराम पुत्र स्व0 भंवरलाल
3. अनोपदेवी पुत्री स्व0 भंवरलाल
4. कानीदेवी पत्नि स्व0 भंवरलाल

समस्त जाति जाट नि0 ग्राम भदून तह0 रूपनगढ़ जिला अजमेर राज0

वादीगण

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तह0 फुलेरा मु0 सांभरलेक जिला जयपुर

प्रतिवादी

<u>वाद बाबत घोषणा व दुरूस्ती इन्द्राज</u>

निर्णय

संक्षेप में वाकयात इस प्रकार से हैं कि वादी सं0 1 लगा0 3 के पिता व वादी सं0 4 के पति के नाम खाता सं0 76 खं0नं0 387 रकबा 15 बीघा 10 विस्वा बारानी 1 में 1/4 हिस्सा व खाता सं0 75 खं0नं0 368, 396/2 रकबा 13 बीघा 11 विस्वा बारानी 1 में 1/2 हिस्सा वाकै ग्राम छापरी प0ह0 छापरी तह0 फुलेरा जिला जयपुर राज0 में स्थित है जिसमें वादी सं0 1 लगा0 3 के पिता व वादी सं0 4 के पति का नाम भंवरिया दर्ज है। वादी सं0 1 लगा0 3 के पिता व वादी सं0 4 के पति स्व0 भंवरलाल उर्फ भंवरिया की मृत्यु दिनांक 11.10.93 को हो चुकी है। वादी सं0 1 लगा0 3 व वादी सं0 4 के पति का नाम आराजी में भंवरिया दर्ज होने से उसको सही करवाने पटवारी हल्का के पास गया तो पटवारी हल्का ने मान्य न्यायालय के आदेश लाने के लिए कहा इस कारण उक्त वाद श्रीमान् के समक्ष पेश करना आवश्यक हुआ है।

उक्त वाद पेश होने पर दावा दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण को तलब किया गया। प्रतिवादी की ओर से राज पेरोकार उपस्थित है तथा दिनांक 06.07.17 को पटवारी हल्का छापरी ने रिपोर्ट पेश की जिसमें अंकित किया कि ग्राम छापरी की वर्तमान जमाबन्दी संवत् 2070-73 के खाता सं0 76 में खं0नं0 387

उपखण्ड अधिकारी
सांभर लेक

Scanned by CamScanner

रकबा 15 बीघा 10 बिस्वा व खाता सं0 75 में ख0नं0 368, 396/2 किता 2 रकबा 13 बीघा 11 बिस्वा में भंवरिया पुत्र रामा कौम जाट सा0 भदून दर्ज रिकोर्ड है।

वकील वादीगण ने अपने वाद के समर्थन में ग्राम पंचायत भदूण द्वारा जारी सिजरा प्रमाण पत्र, भंवरलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र, जमाबन्दी संवत् 2070–73, 2072–75, वादी रामेश्वर का मतदाता पहचान पत्र की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, वादी सं0 4 का आधार कार्ड की प्रति, मतदाता पहचान पत्र की फोटो प्रति, वादी सं0 2 का ड्राईविंग लाईसेन्स की प्रति, मतदाता पहचान पत्र की प्रति पेश की है।

वकील वादीगण ने वाद को डिक्री किये जाने का निवेदन किया जिस पर पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया अवलोकन करने के पश्चात् वादी का वाद अन्तिम डिक्री किया जाना न्यायोचित समझता हूँ।

क्रियात्मक आदेश

अतः वादीगण का वाद विरूद्व प्रतिवादी डिक्री किया जाकर घोषणा इस आशय की फरमायी जाती है कि वाके ग्राम छापरी प0ह0 छापरी तह0 फुलेरा जिला जयपुर राज0 में वर्णित आराजीयात खाता सं0 76 ख0नं0 387 रकबा 15 बीघा 10 बिस्वा के 1/4 हिस्सा व खाता सं0 75 ख0नं0 368, 396/2 रकबा 13 बीघा 11 बिस्वा के 1/2 हिस्सें का वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है तथा उक्त खसरा नम्बरान में दर्ज नाम भंवरिया को दुरूस्त कर भंवरलाल दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकोर्ड में दुरूस्ती किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। मुताबिक निर्णय व डिक्री राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद हेतु तह0 फुलेरा को आदेश प्रदान किये जाते है।

निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा तैयार कर शामिल किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो दर्ज नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 14.03.2018 को खुले न्यायालय में टंकण करवाया जाकर बाद हस्ताक्षरों के सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
साभंर लेक

उपखण्ड अधिकारी
सांभर लेक

Scanned by CamScanner

अन्तिम डिक्री मुकदमा
(आर्डर 20 रूल 6-7 जाप्ता दीवानी)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सांभर लेक   मुकाम सांभर लेक
बइजलास श्री प्रभुदयाल शर्मा, आर०ए०एस०

रामेश्वर वगै०   बनाम   राज० सरकार

<u>दावा बाबत घोषणा व दुरूस्ती इन्द्राज</u>

मुकदमा नंबर 435/16

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू श्री झाबरमल चौधरी व हाजरी .... मिनजानिब मुद्दई रूबरू पक्षकारान मिनजानिब मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि वादीगण का दावा विरूद्ध प्रतिवादी डिक्री किया जाकर घोषणा इस आशय की फरमायी जाती है कि वाकै ग्राम छापरी प०स० छापरी तह० फुलेरा जिला जयपुर राज० में वर्णित आराजीयात खाता सं० 76 खं०नं० 387 रकबा 15 बीघा 10 बिस्वा के 1/4 हिस्सा व खाता सं० 75 खं०नं० 368, 396/2 रकबा 13 बीघा 11 बिस्वा के 1/2 हिस्सें का वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है तथा उक्त खसरा नम्बरान में दर्ज नाम भंवरिया को दुरूस्त कर भंवरलाल दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकोर्ड में दुरूस्ती किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। निज .... मुबलिग......... बाबत्......... खर्चा इस मुकदमे के मय सूद बशरह......... फीसदी सालाना आज की तारीख से तारीख अदायगी तक.........का अदा करे।

बसबब मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 14 माह 03 सन् 2018 को जारी की गई।

दस्तखत.........
उप खण्ड अधिकारी
सांभर लेक

मुहर
ओहदा

मुद्दई	रूपये	पैसे	मुद्दायलह	रूपये	पैसे
स्टाम्प अर्जी दावा			स्टाम्प अर्जी दावा		
स्टाम्प वकालतनामा			स्टाम्प अर्जी		
स्टाम्प वजह सबूत			महन्ताना वकील		
महन्ताना वकील			खर्चा गवाहान		
खर्चा गवाहान			फीस कमीश्नर		
फीस कमीश्नर			बबत् इजराय हुक्मनामा		
मुतफरिक			मुतफरिक		
मीजान			मीजान		

नोट :– इस खर्चा के फार्म पर कुल खर्चा हर दो हरीकेत का चाहे डिगरी के जरिये दिखाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिए।

Scanned by CamScanner